## सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री ने कसा तंज

# जनता का कांग्रेस के ऊपर से भरोसा उठाः राजेंद्र शुक्ल

जबलपुर।

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने यहां कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में नियत, नीति और नेता का अभाव है। कांग्रेस के ऊपर से जनता का भरोसा उठ गया है। कांग्रेस पूरी तरह से एक्सपोज हो चुकी है। जबकि भाजपा में सबकुछ तय रणनीति के तहत होता है जो केंद्रीय नेतृत्व तय करता है। उसके आधार पर सरकार और संगठन अपना-अपना काम करते है। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद इंजीनियरों की कार्यशाला का उद्घाटन करने आए श्री शुक्ल यहां सर्पिट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। पत्रकार के सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट कर चुके है कि लाड़ली बहना सहित कोई भी डायरेक्टर बेनीफिट वाली योजना बंद नहीं की जाएगी। साथ-साथ विकास काम भी चलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पैसों के लिए नहीं रोती, विकास कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने नवगठित मंत्री मंडल के सदस्यों को विभागों के वितरण में हो रही देरी के सवाल पर कहा कि जल्द ही सभी मंत्रियो को विभाग वितरित कर दिए जायेगे। विभागों का वितरण मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। अगले एक दो दिनों में विभागों का बंटवारा हो जाएगा। वहीं लाडली बहन के सवाल पर उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव यह स्पष्ट कर चुके हैं कि लाड़ली बहना योजना बंद नहीं की जाएगी। नई सरकार के गठन के बाद पहली बार



जबलपुर प्रवास पर आए श्री शुक्ल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मप्र विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 29 लोकसभा सीट पर जीत का दावा किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस में न नीति, न नेता

मप्र में विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की करारी पराजय के बाद कांग्रेस में भी उथल पुथल और प्रदेश कार्यकारिणी भंग होने पर तंज कसते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से एक्सपोज हो चुकी है। मप्र की जनता कांग्रेस का कभी भी भरोसा नहीं करने वाली। धरातल से कांग्रेस का कोई नाता नहीं रहा। कांग्रेस के पास न नीति है, न नेता है और न ही नेता है। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस पहले भी दावा कर रही थी कि प्रदेश में उनकी सरकार बन रही है, लेकिन जब नतीजे आए तो उनकी सीट आधी हो गई। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में अब किसी भी तरह का असर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जब 15 माह तक कांग्रेस की प्रदेश में सरकार थी, उस दौरान उन्होंने सारी जनहित ऐसी योजनाएं बंद कर दी थी जिसके चलते ही जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया है।

### हम पैसों का रोना नहीं रोते

मप्र में बढ़ रहे कर्ज और सरकार की माली हालत को लेकर जुड़े एक सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में डॉ.मोहन यादव की नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने तेजी से विकास के काम होंगे। पूरे प्रदेश में सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। अब प्रदेश में कही भी गड्ढे वाली सड़क नजर नही आती। प्रदेश में 5 हजार करोड़ वाली सड़को का निर्माण हो चुका हैं। भाजपा के लोग धन का रोना नहीं रोते, धन का इंतजाम करते है और विकास का काम कराते है इसलिए भाजपा पर जनता विश्वास करती है।

# नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट पर शीघ्र निर्णय लेंगे

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने आश्वासन दिया

जबलपुर।

जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित कर नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट को गति देने के मुद्दे पर मंत्री राकेश सिंह तथा अन्यों से चर्चा कर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा, क्योंकि नर्मदा संरक्षण कार्य बहुत महत्वपूर्ण है तथा इसका क्रियान्वयन होना जरुरी है। यह आश्वासन बुधवार को शहर प्रवास पर आए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधियों को दिया है। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि माँ नर्मदा के किनारे बसे हुए जबलपुर में कैबिनेट मीटिंग करने का आश्वासन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिया था। 1042 करोड़ के लागत वालें नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट में तीन फेज का प्लान एवं डिजाइन बनाई गई है लेकिन प्रथम तथा द्वितीय फेज की 400 करोड़ के राशि का आवंटन अभी तक नहीं किया गया है, जिसके कारण पिछले 10 महीनें से नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट का कार्य ठप्प पड़ा है। नर्मदा संरक्षण के मुद्दों को अहम महत्व देकर जबलपुर में कैबिनेट बैठक करने से इस क्षेत्र का पर्यटन तथा गौरीघाट से भेड़ाघाट तक के विकास के लिए गति मिलेगी। इस अवसर पर रजत भार्गव, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया तथा राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।



## उपमुख्यमंत्री ने किया नर्मदा पूजन

**जबलपुर।** जबलपुर प्रवास पर पधारे मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने उनका शॉल श्रीफल से स्वागत कर गोंडी चित्रकला पुस्तक भेंट स्वरूप दी, साथ में व्यापारियों के हित में चर्चा की।



# पूर्व पार्षद पर हमला करने वाले फरार ईनामी आरोपी पकड़ाये

जबलपुर।

गोरखपुर थानांतर्गत मदनमहल गुरूद्वारे के समीप एक माह पूर्व पार्षद नरिंदर सिंह पांधे पर जानलेवा हमला करने वाले फरार सात ईनामी आरोपियों को पुलिस ने कटंगा स्थित भंडारी अस्पताल के पास से घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया कड़ा, पत्थर, हेलमेट जब्त किया है। घटना के संबंध में गोरखपुर पुलिस ने बताया कि गत 17 नवंबर की शाम लगभग 5.30 बजे पूर्व कांग्रेस पार्षद नरेंदर सिंह पांधे मदनमहल गुरूद्वारे में थे। तभी हैली एवं राहुल सिंह आये। हैली नरेंदर सिंह पांधे को एक मिनिट बात करने का कहकर नरिंदर को बाहर ले गया। हैली जिम को देर रात चलाने की बात को लेकर पूर्व पार्षद श्री पांधे से विवाद करते हुए गालीगलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर जुगराज उप्पल, सहज मरवाहा, पुनीत सिंह, जुरावर सिंह, नीरो, नीलेश विश्वकर्मा ने कड़ा, हेलमेट पत्थर से हमला कर पूर्व पार्षद से मारपीट की। घटना में शामिल आरोपी नीलेश विश्वकर्मा, जुरावर सिंह, सहज मरवाहा, ऋषभ पाल, अनिकेत सेन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। शेष आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी को देखते हुए उन पर 3-3 हजार रुपये ईनाम घोषित किया गया। पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर भंडारी अस्पताल के पास से हैली भारज, राहुल सिंह, सुनीता सिंह, जुगराज सिंह, नीरो सिंह, सरबजीत सिंह, उवेश खान को अभिरक्षा में लिया गया।

# इंजीनियर देश के विकास की रीढ़ : उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

## तीन दिवसीय भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का शुभारंभ

जबलपुर। इंस्टीटय़ूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन 27 दिसम्बर को मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा किया गया। रीइमेजिनिंग टुमॉरोः शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरप्टिव एंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नोलॉजीज' विषय पर आयोजित इस भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से मध्य प्रदेश सरकार पूरी तरह फायदा उठायेगी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कांग्रेस के दौरान जो भी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे इसका पूर्ण अध्ययन मध्य प्रदेश सरकार करवायेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इंस्टीटय़ूशन आफ इंजिनियर्स के सुझावों पर हमेशा विचार कर उसे लागू करने के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा इंजीनियर हमारे देश के विकास की रीढ़ है। मध्य प्रदेश तेजी से आगे बढ़ता विकसित राज्य हैं, जिसमें इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बोलते हुए कहा कि इंजीनियरों पर राष्ट्रीय नुकसान से देश को बचाने की जिम्मेदारी भी है क्योंकि इंजीनियर कम खर्चे में ज्यादा काम करवाने में सक्षम रहते हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों के पास ज्ञान है, क्षमता है और इंजीनियर समाज के हर वर्ग के लिए अपना पर्याप्त योगदान देते हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व सचिव यूपी सिंह थे। इस अवसर पर मंच में मेजर जनरल डॉक्टर एमजेएस सायली सेक्रेटरी एवं संचालक जनरल जनरल आईईआई जबलपुर लोकल सेंटर के अध्यक्ष ब्रिगेडियर व्ही के त्रिवेदी ,आई ई आई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर जी रंगनाथ, आई ई आई के वर्तमान अध्यक्ष इंजीनियर शिवानंद राय, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार राठौर एवं जबलपुर लोकल सेंटर के सेक्रेटरी श्री राजीव जैन सहित अनेक इंजीनियर और विशेषज्ञ, उद्योग पति उपस्थित थे।सेमिनार में आईईआई 38 कांग्रेस पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस दौरान इंजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व सचिव यूपी सिंह थे। इस अवसर पर मंच में मेजर जनरल डॉक्टर एमजेएस सायली सेक्रेटरी एवं संचालक जनरल जनरल आइईआइ जबलपुर लोकल सेंटर के अध्यक्ष ब्रिगेडियर व्ही के त्रिवेदी ,आइईआइ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर जी रंगनाथ ,आइईआइ के वर्तमान अध्यक्ष इंजीनियर शिवानंद राय, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार राठौर एवं जबलपुर लोकल सेंटर के सेक्रेटरी राजीव जैन सहित अनेक इंजीनियर और विशेषज्ञ,उद्योग पति उपस्थित थे। सेमिनार में आईईआई 38 कांग्रेस पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस दौरान इंजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।



# विलंब से गेहूँ की बुआई करने वाले किसानों को दी समसामयिक सलाह

**जबलपुर। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास रवि आम्रवंशी ने जिले में विलंब से गेहूँ की बुआई करने वाले किसानों को समसामयिक सलाह दी है। किसानों से कहा गया है कि विलंब से गेहूं की बुवाई करने पर 125 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज का प्रयोग करें तथा पंक्तियों के बीच की दूरी 18 सेंटीमीटर रखें ।**



उपसंचालक श्री आम्रवंशी ने किसानों को बिलंब से बोये गये गेहूँ में एनपीके 120:60:40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर, एक तिहाई नाइट्रोजन, फास्फोरस पोटेशियम बुवाई के समय और शेष नाइट्रोजन को पहली और दूसरी सिंचाई में दो बराबर भागों में बांटने की सलाह दी है ।

उपसंचालक ने जल्दी बोई गई गेहूँ की फसल के लिये मौजूदा समय को नाइट्रोजन उर्वरक की टॉप ड्रेसिंग का समय बताया है ।श्री आम्रवंशी के अनुसार किसानों द्वारा खरपतवारों के नियंत्रण के लिये पायरोक्सा सल्फोन 85 प्रतिशत का 150 ग्राम प्रति हेक्टेयर स्प्रे का इस्तेमाल किया जा सकता है ।इसके अलावा क्लोडिनाफॉप 60 ग्राम या फेनोक्साप्रोप 100 ग्राम अथवा पिनोक्साडेन 50 ग्राम प्रति हेक्टेयर उपयोग का उपयोग भी खरपतवार के नियंत्रण के लिये किया जा सकता है। इन्हें बुआई के 30-35 दिन बाद मिट्टी में पर्याप्त नमी होने पर लगाया जा सकता है ।

उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने फसल को रोग से बचाने के लिए ट्रायडेमेफोन (बेलेटन 25 डब्ल्यूपी) 0.1 प्रतिशत की दर से दिये जाने, खेतों में पीला रतुआ दिखाई देने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ईसी (टिल्ट 25 ईसी) 0.1 प्रतिशत या टेबुकोनाजोल 250 ईसी (फोलिकूर 250 ईसी) का एक छिड़काव करने की सलाह किसानों को दी है । उन्होंने एक एकड़ गेहूं की फसल में 200 मिलीलीटर कवकनाशी को 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने तथा आवश्यकता होने पर इसे दोहराने की सलाह भी किसानों को दी है। श्री आम्रवंशी ने कहा है कि किसानों को फसल पर छिड़काव तब करना चाहिये जब मौसम साफ हो, बारिश न हो तथा कोहरा या ओस आदि न हो ।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस आज

**जबलपुर।** विधानसभा चुनाव में जिले की आठ में से 7 सीटें गवाने के बाद जिले में अब कांग्रेस संभल रही है और आगे बढ़ रही है। हार को सकरात्मक तौर पर स्वीकार करने के बाद नई उम्मीद और हौसले के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। आज होने वाले कांग्रेस स्थापना दिवस को नई उर्जा के संचार का माध्यम बनाने का प्रयास कर रही है। जबलपुर में स्थापना दिवस का मुख्य समारोह शहीद स्मारक प्रेक्षा गृह में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें जहां ध्वजारोहण के बाद कांग्रेस के इतिहास, संघर्ष, वर्तमान राजनीतिक हालात में कांग्रेस की जिम्मेदारी आदि विषय पर चर्चा होगी। कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम शहर, ग्रामीण, ब्लॉक और मंडलम सेक्टरम, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सहित सभी बिंगो के नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा, जीत हार आते जाते रहते हैं। कांग्रेस और कांग्रेस विचारधारा के प्रति समर्पित हैं। आज कांग्रेस स्थापना दिवस पर नये संकल्प और नई उर्जा के साथ जबलपुर की हर विधानसभा और वार्ड में कांग्रेस जन जाएंगे।

## कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह नर्मदा पूजन के बाद कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे

**जबलपुर।** मप्र सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र के विधायक राकेश सिंह का मंत्री बनने के बाद गुरुवार 28 दिसंबर को प्रात 11बजे सड़क मार्ग से जबलपुर आगमन होगा। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह कल प्रात 11 बजे धनवंतरी नगर चौक से शहर में प्रवेश करेंगे इसके उपरांत मां नर्मदा तट सिद्धघाट ग्वारीघाट में पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। श्री सिंह दोपहर 1 बजे से सिविल लाइन स्थित निवास में कार्यकर्ताओ एवं आमजनो से भेंट करेंगे और शाम 5 बजे से अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# मदरसा बोर्ड की 5वीं एवं 8वीं की अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा के निर्देश जारी

**जबलपुर।** सचिव, मदरसा बोर्ड द्वारा 5 वीं और 8 वीं की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। सचिव ने बताया है किम.प्र. मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त एवं राज्य शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड प्राप्त मदरसों की वार्षिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्व वर्ष की भांति राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा-निर्देश एवं समय सारणी अनुसार आयोजित होंगी। इसकी सूचना प्रदेश के समस्त मदरसों को बोर्ड द्वारा दी जा चुकी है।मदरसा बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्लूप्रिंट अनुसार मदरसा स्तर पर कराकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन उपरांत हर कक्षा के प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्रों की एक-एक प्रति बी.आर.सी. कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कराई जाए। समस्त मदरसे अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मदरसा प्रभारी एवं बी.आर.सी. कार्यालय के सतत संपर्क में रह कर अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश अनुसार समय सीमा में पूर्ण करायें। जिन मदरसों को डाईस कोड आवंटित नहीं हुआ है, वह मदरसा बोर्ड की मान्यता के आधार पर अपने जिला शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड आवंटित कराने के लिये शीघ्र संपर्क करें।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के आवेदन 31 तक आमंत्रित

मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्याम से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन केवल ऑनलाइन ही भरेंगे। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल http://www.scholarships.gov.in पर सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## बाबाताल में दो दर्जन यजमान कर रहे कथा का श्रवण

# अहंकार से मुक्त होने पर ईश्वर की कृपा प्राप्त होगी : पं. इंद्रमणि त्रिपाठी



**सिहोरा।** जीवन में परोपकार करने और अहंकार, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। उक्ताशय के विचार शिव मंदिर बाबाताल में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रहलाद चरित्र,वामन अवतार की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए। आगे कहा पूर्व में हमारे अस्तित्व की रक्षा करने वाले देवालय और ज्ञान को बढ़ाने वाले पुस्तकालय थे जिसे आक्रमणकारीयों ने नष्ट कर दिया फिर भी सनातन और संस्कृति का कुछ न बिगाड़ पाये व्यक्ति के मन में संतोष होगा तभी उसकाआचरण अच्छा होगा। हमें किसी से ज्ञान प्राप्त करना है तो ज्ञानी के चरण में बैठना पड़ेगा उसके मस्तक पर नहीं। आगे कहा कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते हैं तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। आगे कहा राजा बलि ने 100 यज्ञ पूर्ण करने पर स्वर्ग छीनने का प्रयास किया तो इन्द्रादि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु ने वामन अवतार ब्राह्मण वेष में राजा बलि से भिक्षा मांगी। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग से पूरी पृथ्वी को नाप लिया। है फिर भी भूमि कम पड़ गई राजा बलि ने अपना सिर आगे बढ़ा दिया। वामन अवतार ने दानवीर राजा बलि से प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया और अहंकार तोड़कर आशीर्वाद के साथ पाताल भेज दिया। इस आयोजन में लगभग दो दर्जन से अधिक भक्त गण यजमान बनकर सामूहिक रुप से कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के पूर्व प्रवीण गौतम,जय प्रकाश मिश्रा, कौशलेंद्र तिवारी,के के ब्यौहार,सविता कुररिया,चमेली चौरसिया,बालकृष्ण रीना मिश्रा,हरचरण बर्मन,उमा उपाध्याय,आशीष विश्वकर्मा, सुषमा खरे, सुभाष अग्रवाल, रामलाल नामदेव, इन्द्रजीत राय,सुमन कुररिया आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## ईट राइट चैलेंज के तीसरे चरण में जबलपुर ने फिर लहराया परचम

**जबलपुर।** ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता के तीसरे चरण में जबलपुर जिले के तीन सीएम राइज स्कूलों - सीएम राइज स्कूल सिहोरा, सीएम राइज स्कूल कुंडम और सीएम राइज स्कूल मझौली - को एफएसएसएआई नई दिल्ली द्वारा ईट राइट स्कूल के रूप में प्रमाणित किया गया है । खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक 'बेहतर भोजन, स्वस्थ जीवन' की थीम पर आम नागरिकों में खानपान की बेहतर आदतों के प्रति जागरूकता पैदा करने तीनों सीएम राइज स्कूलों में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की गई थी । उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई नई दिल्ली द्वारा किए गए अनेक स्तरों के ऑडिट के बाद 27 दिसंबर को सीएम राइज स्कूल सिहोरा, सीएम राइज स्कूल मझौली एवं सीएम राइज स्कूल कुंडम को ईट राइट स्कूल के रूप में प्रमाणित किया गया है । खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ये तीनों स्कूल मध्यप्रदेश के तीसरे स्थान पर सीएम राइज स्कूल के रूप में ईट राइट स्कूल प्रमाण पत्र पाने वाले स्कूल बने हैं । इसके पूर्व प्रदेश के पहले ईट राइट स्कूल का प्रमाण पत्र जबलपुर के सीएम राइज स्कूल अधारताल को प्राप्त हुआ तथा इस उपलब्धि को हासिल करने वाला प्रदेश का दूसरा स्कूल भी जबलपुर जिले का ही एमएलबी स्कूल था।

जिला कलेक्टर ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिये खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग तथा तीनों स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनायें दी हैं ।

## श्री वृहत महाकाली मंदिर पहुंचेगा अक्षत कलश आज

**जबलपुर।** आयोध्या में 22 जनवरी को हो रही श्री राम लला की प्रतिष्ठा के लिये आयोध्या से पूजित अक्षत कलश की यात्रा जगह जगह निकाली जा रही है। अक्षत यात्रा का विश्राम प्रसिध्द मंदिरों में हो रहा है। यह अक्षत कलश आज दोपहर 2.30 बजे गढ़ा फाटक स्थित वृहत महाकाली मंदिर में पहुंचेगा। अक्षत कलश आम लोगों के दर्शनार्थ रखा जाएगा। इसके बाद अक्षत कलश की यात्रा अगले दिन पड़ाव के लिये प्रस्थान करेगी।

### नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता का संदेश

**जबलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत गोरखपुर के जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम मो स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक आयोजित कर जागरूकता भारत संदेश दिया गया साथ ही साथ नागरिकों को साफ सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। अवसर पर वार्ड की पार्षद लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, मनप्रीत सिंह आनंद, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश महेश्वरी, नोडल अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव, संभागीय अधिकारी शैलेंद्र कौरव एवं राधा पवार आदि मुख्य रूप से शामिल थे।



## श्रीमद्भागवत कल्प वृक्ष के समान, मानव का कल्याण करती है: पं. शैलेंद्र शास्त्री

**जबलपुर।** भक्ति की महानता है, नारद जी की वीणा ज्ञान प्रदान करती है, भागवत नाम से दुख दूर भागते है, पाने की इच्छा दुख देती है, त्याग से सुख प्राप्त होता है। ब्रम्हा जी श्रष्टि का निर्माण करते है,भोलेनाथ जी संतुलन बनाए रखते है। भागवत कथा सभी दसा में सुख प्रदान करती है, उक्त उदगार नैमिष पीठाधीश्वर नैमिषारण्य से पधारे कथा व्यास भागवत भास्कर शास्त्री जी ने व्यक्त किए। महराज श्री ने कहा श्री भागवत कथा कल्प वृक्ष के समान होती है। उन्होंने आगे कहा कि मन संसार में जाए तो जाने दो लेकिन, मन में संसार न आने पाए । जीव को भवसागर से पार उतारने का साधन भागवत कथा होती है। गढ़ा रुद्राक्ष कैम्पस गंगा नगर में शिव मंदिर के सामने चल रही कथा में पहुंचने का आग्रह मुख्य यजमान अजय , सरोज, सोमू , रितिका पांडे , अटल उपाध्याय, नरेंद्र, मनीषा, कमल प्रीति उपाध्याय ने किया है।

# 9 करोड़ रूपये की लागत से होगा सौन्दर्यीकरण : महापौर

### शहर विकास को लेकर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए

**जबलपुर।** मेयर इन कांउसिल की बैठक बुधवार को निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में महापौर जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें शहर विकास को लेकर अनेक महात्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में मेयर इन काउंसिल के द्वारा शहर के तीन तालाबों रानीताल, सूपाताल, एवं गंगासागर तालाब का 9 करोड़ रूपये की लागत से सौन्दर्यीकरण करने के लिए डी.पी.आर. की मंजूरी देकर शासन की ओर प्रेषित करने की कार्यवाही की गयी। बैठक में एक और बड़ा निर्णय लिया गया। जिसमें प्रथम चरण में निगम के छोटे-बड़े सभी 94 बाजारों में से अभी 10 मार्केट को एकरूपता के साथ खूबसूरत दिखने के लिए पिंक मार्पेट बनाया जायेगा। इसी प्रकार निगम में कम होते अधिकारियों कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के 4 अनुभवि एवं वरिष्ठ अधिकारियों का 6 माह का एक्टेंशन प्रस्ताव पारित किया गया। इन 4 अधिकारियों में क्रमश अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे, कार्यपालन यंत्री आर.के. गुप्ता, एवं आदित्य शुक्ला, के नाम शामिल हैं। इसके साथ-साथ एम.आई.सी. की बैठक में शहर का सबसे बड़ा शहरी वन क्षेत्र डुमना नेचर पार्प में तेंदुआ सफारी पर भी हुई चर्चा और सभी विषय विशेषज्ञों से सलाह मशविरा किया जाकर लिया जायेगा निर्णय। नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की जी.पी.एफ. राशि पर ब्याज दर और संस्कृत महाविद्यालय के अतिथि शिक्षकों के संबंध में चर्चा की गयी तथा अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए दिये निर्देश।

मेयर इन काउंसिल की बैठक में उपरोक्त प्रस्तावों के अलावा फ्लाई ओव्हर निर्माण में अधिग्रहित किये गए निर्मित भवनों, भू-खण्डों, दीवारों की गणना की गई क्षतिपूर्ति राशि की स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार लीज नवीनीकरण के भी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके साथ-साथ योजना और सूचना प्रौद्योगिक विभाग के अंतर्गत प्राप्त अमृत योजना फेस-2 के कार्ये की भी मंजूरी दी गयी। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी, एकता गुप्ता, गुलाम हुसैन, मनीष पटैल, दिनेश तामसेतवार, लक्ष्मी गांटिया, एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, के साथ-साथ सचिव एम.आई.सी. खूबचंद पाण्डेय एवं अन्य सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## 2 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत गोहलपुर सब्जी मंडी सुलभ शौचालय के बाजू से सट्टा पट्टी लिख रहे दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक सट्टा पट्टी और नगदी 3 हजार 500 रुपए जब्त किए है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना मस्जिद के पीछे गोहलपुर निवासी 48 वर्षीय नईम अख्तर उर्फ गुड्डू गत दिवस गोहलपुर सब्जी मंडी सुलभ शौचालय के बाजू से सट्टा पट्टी लिख रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नईम अख्तर उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पट्टी और नगदी 3 हजार 500 रुपए जब्त किए है। आरोपी से पूछताछ करने पर झामनदास चौक घमापुर निवासी 51 वर्षीय अनिल अहूजा के कहने पर सट्टा पट्टी लिखना और उसके एवज में अनिल अहूजा द्वारा 800 रुपए दिन देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी अनिल अहूजा और नईम अख्तर उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद का हुआ सीधा प्रसारण



**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को भी शहर में दो स्थानों गुलाटी चौक गोरखपुर एवं बड़ा पत्थर सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किये गए। शिविरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडू, राजिस्थान, उत्तराखंड, त्रिपुरा और मध्यप्रदेश के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद किया। दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुये तथा केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने अपना पंजीयन कराया।

बुधवार को आयोजित शिविरों में से सामुदायिक भवन बड़ा पत्थर में आयोजित शिविर में विधायक अशोक रोहाणी भी शामिल हुये। उन्होनें कई हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं के हितलाभों का वितरण भी किया। शिविरों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से अवगत कराया गया। इस मौके पर विधायक रोहाणी ने हितग्राहियों से चर्चा की तथा देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होनें अपने संबोधन में नागरिकों से शिविर में शामिल होने तथा केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। रोहाणी ने अधिकारियों को भी निर्देश दिये की कोई भी पात्र हितग्राही शिविर से निराश होकर न लौटे, हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को आयोजित शिविरों में पार्षद लवलीन मनप्रीत सिंह आनंद, लक्ष्मी जय चक्रवती, निशा संजय राठौर, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, दामोदर सोनी, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह गोंड़ आदि भी मौजूद रहे। आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल इन शिविरों में लगाये गये।

## धान उपार्जन में स्लॉट बुकिंग और मैपिंग से जूझ रहे किसान

### भारत कृषक समाज का आरोप, विसंगतियां दूर करने की माँग

**जबलपुर।** धान उपार्जन में कथित तौर पर व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के साथ ही स्लॉट बुकिंग की तिथि बढ़ाने के साथ सत्यापन तथा गोदामो की मैपिंग की विसंगतियों की समस्या के निदान के लिए भारत कृषक समाज ने जिला प्रशासन से मांग की हैं। इस संबंध भारत कृषक समाज के महाकौशल जोन के अध्यक्ष प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर जबलपुर के सहित संबंधित अन्य अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया हैं। संघ द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि जबलपुर जिले मे धान के कई रकबे को असत्यापित कर दिये जाने तथा केंद्रों की मैपिंग सही ढंग से नही होने के कारण किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। आलम ये हैं कि किसान दफ्तरों के चक्कर काटने मजबूर हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। उन्हे स्लॉट बुकिंग मे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने जानकारी दी कि तहसीलों के एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर के अधिकारियों के माध्यम से जिला प्रशासन को सुधार हेतु पत्र भी कई बार लिखे गये लेकिन अव्यवस्थाओं में कोई सुधार नही हो पा रहा है।

संघ ने आरोप लगाया कि खरीद केंद्रों कथित तौर पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, किसानों की धान रिजेक्ट की जा रही है, वहीं व्यापारियों के माध्यम से गुणवत्ता विहीन उपज की खरीद कमीशन पर खरीद कर ली जाती है। संघ ने पत्र में कहा कि बारदानों के अभाव मे कहीं-कहीं खरीद प्रभावित होती है, गिड़गिड़ाने पर भी बारदाने समय पर उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। इन सब समस्याओं से किसान जूझ रहा हैं। पत्र में प्रशासन के आला अधिकारियो से मांग की गई हैं कि किसानों की समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिये जाएं ताकि किसानों की मदद प्राथमिकता से हो। संघ ने स्लॉट बुकिंग की तिथि बढ़ाए जाने की भी मांग की गई हैं।

## माढ़ोताल के युवक की हत्या कर पनागर में लाश फेंकी

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत एक युवक की हत्या करने के बाद लाश को खेत में फेंक दिया। मृतक की शिनाख्त 25 वर्षीय रॉयल स्टेट कालोनी माढ़ोताल निवासी सौरभ पटेल के रुप में हुई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार कालाडूमर निवासी सोनू दाहिया ने कल रात पनागर पुलिस को सूचना दी कि राममनोहर पटेल के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक नीले रंग की जैकेट एवं नीला जींस पेंट, काले रंग का जूता मोजा पहने हुये मृत अवस्था में पड़ा था, जिसके चेहरे पर खून लगा व चोट के निशान थे पास में लाल रंग का हीरो लिखा हेलमेट रखा मिला। मृतक के चेहरे, कंधे, जांघ में धारदार हथियार की चोटे नजर आ रही थी। शॉट पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## बेलखेड़ा में मारपीट की वारदात में 3 घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत शहपुरा बेलखेड़ा बस स्टेंड के पास दो पक्षों के बीच वाद विवाद को लेकर गालीगलौज हुई और फिर दोनों



पक्षों ने एक दूसरे पर बेसबॉल के डंडे से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मनकेड़ी बेलखेड़ा निवासी दिवाकर पटेल शहपुरा स्कूल आया था। शाम लगभग 5 बजे शहपुरा बेलखेड़ा बस स्टेंड के पास दिवाकर ने अपने बड़े भाई 33 वर्षीय जीवन पटेल को फोन कर विवाद पर मारपीट की जानकारी दी। सूचना पाकर वह बस स्टेंड पहुंचा, जहां दिवाकर पटेल के साथ विक्की कुशवाहा और नेपली मारपीट कर रहे थे उसने बीच बचाव किया तो दोनों ने उस पर बेसबॉल के डंडे से हमला कर दुबारा यहां आने पर जान से मारने की धमकी दी। हमले में दोनों भाईयों को चोटें आ गई। पुलिस ने दिवाकर पटेल की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 56, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

वहीं दूसरा पक्ष कैंथरा मोहल्ला शहपुरा निवासी 48 वर्षीय चौकीदार प्रेमकुमार काछी गत शाम लगभग 5-30 बजे बेलखेड़ा बस स्टेण्ड शहुपरा पहुचा जहां पर बहुत सारे लड़के खड़े थे उनका किसी बात पर से कोई विवाद हुआ, तभी मनकेड़ी निवासी दिवाकर पटेल उसके पास आया और तुम लड़कों से पिटवाते हुये कहते हुये गाली गलौज कर डंडे से सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने प्रेमकुमार काछी की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।




**श्रीमती हरजिन्दर कौर सैनी-** रेलवे कॉलोनी प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री अमर सिंह सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती हरजिन्दर कौर सैनी (60) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा पटेल-** प्रगति ड्यूपलेक्स हाथीताल निवासी श्री कांतिलाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राधा पटेल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल सबलोक-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी स्व. श्री राम नारायण सबलोक के पुत्र श्री मदन लाल सबलोक (85) का विगत दिवस निधन हो गया था। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री माधव प्रसाद पाराशर-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री माधव प्रसाद पाराशर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जयप्रकाश गुप्ता-** बेलबाग अरविंद वार्ड निवासी श्री जयप्रकाश गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हल्कूराम कुशवाहा-** शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री हल्कूराम कुशवाहा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जुग्गी बाई साहू-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री लहरी प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती जुग्गी बाई साहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेंद्र शिवहरे-** रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री महेंद्र शिवहरे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास ठाकुर-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री किशन ठाकुर के पुत्र श्री विकास ठाकुर का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता कछवाहा-** निवाडग़ंज निवासी श्री बद्री प्रसाद कछवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता कछवाहा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई सतनामी-** बाबा टोला निवासी श्री राम सजीवन सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई सतनामी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज सेन-** रामपुर मांडवा बस्ती निवासी श्री मनोज सेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र सोनी-** तमरहाई चौक के पास कोतवाली निवासी श्री राम प्रसाद सोनी के पुत्र श्री सुरेंद्र सोनी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## जरा सी लापरवाही बन सकती है परेशानी का सबब

# ठंड से होने वाली बीमारियों का बढ़ने लगा खतरा

**जबलपुर। ठंड से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। जरा सी लापरवाही परेशानी का सबब बन सकती है। ऐसे में बच्चों में निमोनिया का खतरा बढ़ने के साथ हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी में बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। सावधानी से सर्दी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। अस्पताल की ओपीडी में इस समय सर्दी, जुकाम, निमोनिया के मामले ज्यादा आ रहे हैं। इसके साथ ही कार्डियक सेंटर में हार्ट की समस्या के मरीज पहुंच रहे हैं।**



सर्दी के कारण ब्लड प्रेशर के मरीजों में ब्रेन हेमरेज के साथ लकवा होने की संभावना बढ़ जाती है। जयारोग्य अस्पताल के मेडिसन विशेषज्ञ डा. अजय पाल सिंह का कहना है कि इस मौसम में सर्दी, जुकाम और जोड़ों में दर्द के साथ-साथ सांस की परेशानी बढ़ना आम है। हृदय रोगी ठंड में खून के जमने से बीमार हो रहे हैं और हार्ट अटैक की संभावना रहती है। सर्दी का मौसम आने पर लगातार छींक, जुकाम, नाक बहना, खांसी, बुखार, शरीर में दर्द और गले में इंफेक्शन जैसी बीमारियां हो सकती हैं। सर्दी और फ्लू की वजह है वायरस। ये वायरस संक्रामक होते हैं, जो कि छींकने और हाथ मिलाने से एक से दूसरे तक पहुंचते हैं। बचाव करना सबसे ज्यादा जरूरीः चिकित्सक के अनुसार सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए ठंड से बचाव करना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। जब मौसम ज्यादा ठंडा हो, तब घर से बाहर कम निकलना चाहिए और गर्म कपड़े पहनने चाहिए। इस मौसम में बीमारियों से बचने के लिए रोज व्यायाम जरूर करनी चाहिए। कम से कम 30 मिनट फिजिकल एक्टिविटी करने से इम्युनिटी मजबूत होगी ।



## डॉ. गायत्री तिवारी स्मृति शिखर सम्मान आचार्य भगवत दुबे को प्रदत्त

**जबलपुर**। प्रतिष्ठित साहित्यकार 50 से कृतियों के रचयिता, महाकवि आचार्य भगवत दुबे की साहित्यिक साधना का स्तवन करते हुए उन्हें डॉ. 'गायत्री शिखर सम्मान' से अलंकृत किया गया, अवसर था पाथेय साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित कथाकार डॉ. गायत्री तिवारी स्मृति विचार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर थे, अध्यक्षता डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी ने की। मंगलकामनाएं डॉ. राजकुमार सुमित्र ने व्यक्त की, विशिष्ट अतिथि साधना उपाध्याय, अशोक मनोध्या, प्रतुल श्रीवास्तव थे, वक्ताओं ने कहा कि समाजतंत्र से सम्बद्ध ऐसा साहित्य जो समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, वही सार्थक साहित्य होता है, डॉ.गायत्री तिवारी ने अपनी कहानियां एवं कविताओं में इस पक्ष का विशेष ध्यान रखा, प्रारंभ में संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने आयोजन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।



## योगेश्वरी धाम मंदिर में 2 बार हो गई चोरी

**जबलपुर**। गौरीघाट स्थित योगेश्वरी धाम मंदिर में लगातार दो बार चोरी की वारदात होने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। गौरीघाट पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर लोगों में रोष देखा जा रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने एसपी आफिस पहुंचकर एक लिखित शिकायत की, समिति की ओर से मनोहरलाल कुकरेजा में एसपी को सौंप ज्ञापन में कहा है कि 31 अक्टूबर की रात और 25 दिसंबर की रात मंदिर में चोरी की घटनाएं हुई, जिसमें चोर आभूषण सहित नगदी15 हजार रुपए चोरी कर ले गए। दोनों बार गौरीघाट पुलिस को सूचना दी गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर चोरों के हौसले बुलंद है। ज्ञापन में एसपी से मांग की गई है कि गौरीघाट क्षेत्र में मंदिरों में हो रही निरंतर चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने रात्रि गश्त बढ़ाई जाए। इस अवसर पर जितेंद्र चिमनानी, भजन लाल खत्री, नरेश खत्री, मनोहर कुकरेजा, अर्पित सिंह ठाकुर, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## जनेकृविवि में युवाओं एवं कृषकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत कराया प्रक्षेत्र भ्रमण

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं आयोजनकर्ता संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला के मार्गदर्शन में युवाओं एवं कृषकों के अभिविन्यास व उन्मुखीकरण कार्यकम के तहत, जनजातीय कल्याण केन्द्र महाकौशल, बरगांव के नेतृत्व में आदिवासी कृषकों का प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यकम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी कृषकों को कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा से भी परिचय कराया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मिश्रा ने सभी कृषकों को विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचार, अनुसंधान, नई-




नई कृषि तकनीक, वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई फसलों की किस्मों सहित अन्य के संबंध में किसानों से चर्चा की। कार्यकम के आयोजनकर्ता संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला ने बताया कि डिण्डोरी जिले के 25 गांव के 65 महिला एवं पुरूष आदिवासी कृषकों को विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र, मशीनीकरण एवं जैव उर्वरक केन्द्र सहित अन्य का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी कृषकों को कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज अंतर्गत कृषि यंत्र परीक्षण, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन इकाई, उन्नत तकनीकी यंत्रों, फसलों की उन्नत किस्मों एवं जैव उर्वरक केन्द्र का उत्पादन सहित अन्य का भ्रमण कराकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कृषकों के प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर. एस. शुक्ला, विभागाध्यक्ष डॉ. पी.एस. कुल्हाडे, नाहेप प्रमुख, डॉ. आर. के. नेमा, प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक, डॉ. फूलचंद्र अमूले सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निःशुल्क शिविर में 210 मरीजों ने कराई जांच

**जबलपुर**। पासी महासंघ के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी रहे। शिविर में 210 मरीजों ने अपना परामर्श एवं जांच कराई। शिविर एएसजी हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, एड. द्वारका प्रसाद वर्मा, वेद महावर, आशीष राव, संजय वर्मा, डॉ. ऋषि बावरिया, श्याम सुंदर बावरिया, तोताराम बावरिया, एड. विजय पासी, धर्मेन्द्र बावरिया, चमन पासी, जितेन्द्र वर्मा, मोहित बावरिया सहित अन्य उपस्थित रहे। पासी समाज के सदस्यों ने बताया कि आगामी 18 फरवरी को पासी समाज के युवक, युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने दी क्रिसमस की बधाई



**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने सिविक सेंटर गार्डन में सभी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी ने मिलकर क्रिसमस सेलिब्रेशन किया और आपस में एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी और साथ ही प्रेम का भाईचारे का संदेश आज क्रिसमस के माध्यम से दिया यह कर्मचारी संगठन के द्वारा प्रतिवर्ष हर त्यौहार के समान क्रिसमस त्योहार भी मनाया जाता है सबसे मुख्य बात यह है कि संगठन में सभी धर्म जाति के लोग आपस में मिलकर क्रिसमस को सेलिब्रेट करते हैं और पूरे शहर वासियों को इस सुंदर त्यौहार की बधाई देते हैं इस अवसर पर संगठन कि रॉबर्ट मार्टिन जियाउरहीम अल्बर्ट एंथोनी, राकेश श्रीवास स्टेनली नॉरबर्ट आदि उपस्थित रहे।



## गरीब नवाज कमेटी ने बेसहारा लोगों को बांटे कम्बल

**जबलपुर**। शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए सड़क किनारे, फुटपाथ पर और खुले स्थानों पर रात गुजारने मजबूर बेसहारा लोगों को गरीब नवाज कमेटी ने गर्म कम्बलों का वितरण किया। कमेटी ने शहर में घूम-घूमकर हाईकोर्ट परिसर के पास, आम्बेडकर चौक, विक्टोरिया परिसर, फुटपाथ पर पड़े जरूरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण किया। इस मौके पर कमेटी के मोहम्मद अलताफ, माजिद भाई, बच्चू नानकानी, हाजी नईम, रियाज अली सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हंसते खेलते रवाना हुए अहीर लोक नृत्य के कलाकार

जबलपुर।

भारत सरकार द्वारा आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन मीट समूह लोक नृत्य स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा अहीर नृत्य दिल्ली के विज्ञान भवन में होगी प्रतियोगिताएं। कदम संस्था के लोक नृत्य निर्देशक कृष्ण कांत दीक्षित के निर्देशन में सुरेंद्र चौधरी आकाश चौरसिया किशोर बेन आयुष दुबे विशाल अहिरवार प्रियांश दीवान कदम टीम द्वारा नवोदय विद्यालय बारा सिवनी के छात्र छात्राओं को लोक नृत्य का अभ्यास करवाया गया ज्ञात हो इन कलाकारों ने रीजनल लेवल पर डोगरगढ़ में प्रथम स्थान



प्राप्त कर नेशनल के लिए अपनी जगह पक्की की है आज यह दल श्री धाम एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुआ जहा नवोदय विद्यालय बारासिवनी की प्राचार्य श्रीमति पूनम शर्मा जी के मार्गदर्शन में दल प्रभारी श्री उमेश नागपुरे श्रीमती सुनीता कुमारी जी टीम के साथ रवाना हुए कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनोरे शिव यादव शैलेन्द्र पांडे पंकज गोस्वामी कैंट पूर्व पार्षद राजित यादव ने दल को अपनी विशेष शुभकामनाएं दी ज्ञात हो यह कलाकार 28 दिसंबर एवं 29 दिसंबर 2023 को मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं मध्य प्रदेश के महाकौशल अंचलकी लोक संस्कृति संस्कारधानी का गौरव अहीर नृत्य को प्रस्तुत करेंगे संपूर्ण संस्कारधानी वासियों की ओर से सभी कलाकारों को विशेष शुभकामनाएं दी है।

## राटुविवि अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष वर्ग में विजेता बना



**जबलपुर**। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में चल रहे अंतर महाविद्यालय खो खो पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज UTD एवं संत अलॉयसिस की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के द्वारा अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की टीम विजेता व संत अलॉयसिस की टीम उपविजेता रही। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों खेल का जीवन में महत्व समझाते हुए कहा की खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है।अतः हम सभी को व्यस्त जीवन शैली से खेलों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। प्रतियोगिता में अन्य महाविद्यालय से डॉ. रमेश शुक्ला, ओंकार नाथ दुबे, सुदर्शन सिंह ठाकुर, यशवंत यादव,श्री निखिल केवट, पुनीत सेन की उपस्थिति रही।

## शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती

### खालसा स्कूल रांझी ने मनाया वीर बाल दिवस

**जबलपुर**। पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ किया गया है, जिसे वीर बाल दिवस के रूप में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के बड़े साहिबजादों, शहीदी के उपरांत छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतह सिंह को 26 दिसम्बर 1705 को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था, यह दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। साहिबजादों के साहस और न्याय के संकल्प को श्रद्धांजलि के रूप में खालसा हायर सेकण्डरी स्कूल एवं



पब्लिक स्कूल रांझी में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त आयोजन का समापन 28 दिसम्बर को सर्वत्र के भले की अरदास के साथ होगा। इस अवसर पर पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जगगी, सचिव अमरजीत सिंह अलग व स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया धनुष यज्ञ रामलीला समिति ने



### राम भक्तों का भी किया सम्मान

**जबलपुर**। अध्यक्ष सीताराम कुरचानिया अभिषेक चौकसे मधुर तिवारी राम भक्त होने का गौरव अनादि काल से भारतीय संस्कृति का इतिहास कई हजार वर्ष पूर्व भगवान राम का जन्म हुआ संपूर्ण सृष्टि को भगवान के आदर्शों पर चलकर आदी से अंत तक, पूर्ण विश्व में भगवान को अपना आराध्य माना भारत विश्व गुरु होने का गौरव का मुख्य उद्देश्य संयुक्त परिवार रहा है आज भी धर्म संस्कृति और संस्कार को ही श्रेष्ठ माना गया है राम ने धर्म की रक्षा की संस्कृति की रक्षा की संस्कार की रक्षा की तभी तो वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए अयोध्या हमारी रामायण की अलौकिक कथा है हरि कथा अनंता जितने भी शब्दों को जोड़ा जाए राम तो केवल राम है इन्हीं शब्दों के साथ अपने विचार व्यक्त किया एवं सम्मानित हुए, डॉक्टर शंकर पांडे शिवदत्त जी चौबे डी,पी, कमल रमेश, संतोष पटेल आकाश नायडू आशीष पाठक सतीश पाठक आदि को भी पुरस्कृत किया गया।

## उमरा के जायरीन रवाना

**जबलपुर** । इस्लाम धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल मक्का मदीना के लिए समीर खान के नेतृत्व मे मो. अकरम, फिरदौस बानो, आसिफा अंजुम, दौलत अली, सलाउद्दीन, हमीदा बी आदि रेलवे स्टेशन से मुंबई के लिए रवाना हुए जहाँ से व वायुयान द्वारा मक्का मदीना जायेंगे । इस मौके पर रेलवे स्टेशन मे जमा खान, इमरान खान, जुबेर राईन, बाबू खान, सामिक खान ने जायरीन का फूल माला से इस्तकबाल किया और सफर की कामयाबी के लिए दुआ की।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मोहन मिश्रा पिता का नाम श्री बसगीत मिश्रा निवासी : वर्तमान पता- पुलिस लाईन रांझी तह. जिला जबलपुर (म.प्र.) का निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि, मैं ६ वी बटालियन पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम मोहन लिखा हुआ है सरनेम नही लिखा हुआ है। जबकि मेरे समस्त अन्य दस्तावेजो में मेरा पूरा नाम - मोहन मिश्रा दर्ज है जो सही व सत्य है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड मे अपना पूरा नाम मोहन के साथ मोहन मिश्रा सरनेम जुड़वाना चाहता हूँ ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अमित खत्री निवासी 18, ए.पी.आर. कालोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का पुराना नाम हिरल खत्री HIRAL KHATRI पुराना नाम जो कि नया नाम हीरल खत्री HEERAL KHATRI हो गया है। जो कि आधार कार्ड में दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री को समस्त शासकीय दस्तावेजों में HEERAL KHATRI हीरल खत्री पिता अमित खत्री से जाना एवं पहचाना एवं लिखा जावें।

गलत नाम
हिरल खत्री (HIRAL KHATRI)
सही नाम
हीरल खत्री (HEERAL KHATRI)

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, SERVICE NO. 15715869Y RANK NK NAME RAKESH KRISHNAN R I S/O RADHA KRISHNAN G UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) VILL- KALLIKKADU, PO- MYLAKKARA, TEH-NEYYATTIKARA,DIST- THIRUVANANTHAPURAM (KERALA)- 695572 I have changed name and date of birth of my father from name RADHA KRISHNAN G and date of birth 17/08/1955 (name and date of birth as per my army service records) to name RADHAKRISHNAN NAIR G and date of birth 01/01/1956 (name and date of birth as per my FATHER, ADHAAR CARD) Affidavit dated 26/12/2023 by Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT NAME-RADHAKRISHNAN NAIR G
INCORRECT NAME-RADHA KRISHNAN G
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1956
INCORRECT DATE OF BIRTH-17/08/1955

